श्री मनोनीत दलाल को इरेडा बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया



नई दिल्ली, 20 अगस्त 2026

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने 18 अगस्त, 2026 के आदेश के माध्यम से सूचित किया कि भारत के राष्ट्रपति ने श्री मनोनीत दलाल को अधिसूचना की तारीख से तीन साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के बोर्ड में गैर-आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक के रूप में नियुक्त किया है।

श्री दलाल एक कानूनी और वित्तीय पेशेवर हैं, जिन्हें टैक्सेशन, वित्तीय परामर्श, कानूनी सलाह, लोक प्रशासन और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में 20 साल से ज़्यादा का अनुभव है। उन्होंने एनएलएसआईयू, बेंगलुरु से एलएलएम और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से बीए एलएलबी (ऑनर्स) की डिग्री हासिल की है।

वह हेक्सा एडवाइजर्स लिमिटेड के निदेशक हैं और इससे पहले डेलॉइट हास्किन्स एंड सेल्स और अर्न्स्ट एंड यंग के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने टैक्सेशन और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानून पर पुस्तकें और शोध पत्र लिखे हैं।